UPSC MAINS · ANSWER PRACTICE

Indian Economy · GS - III

अमेरिका द्वारा प्रमुख IT कंपनियों
को Permanent Labour Certification (PERM)
कार्यक्रम से निलंबित करने के
संदर्भ में, भारत के IT सेवा क्षेत्र ,
कुशल श्रमिकों के अंतरराष्ट्रीय
प्रवासन और भारत -अमेरिका आर्थिक
संबंधों पर इसके संभावित प्रभावों
का विश्लेषण कीजिए। (150 शब्द, 10 अंक)

EXAM YEAR

Daily Practice 09/10/2026

PAPER

GS - III

SUBJECT

Indian Economy

MARKS

10

WORD LIMIT

~150 words

Answer Hint

उत्तर में निम्नलिखित बिंदुओं को शामिल करें:

पृष्ठभूमि : अमेरिकी सरकार ने 8 अक्टूबर 2026 को TCS, Infosys, Wipro, HCLTech,
Cognizant, Capgemini, Microsoft और Adobe को PERM कार्यक्रम से निलंबित करने की
घोषणा की।
IT क्षेत्र पर प्रभाव : कर्मचारियों की तैनाती , भर्ती रणनीति ,
परिचालन लागत और अमेरिकी ग्राहकों को सेवाएँ प्रदान करने के
तरीकों में बदलाव।
भारतीय पेशेवरों पर प्रभाव : ग्रीन कार्ड की प्रक्रिया में देरी,
दीर्घकालिक निवास की अनिश्चितता और करियर संबंधी चुनौतियाँ।
आर्थिक प्रभाव : भारत के सेवा निर्यात , विदेशी मुद्रा आय और
रोजगार पर संभावित प्रभाव।
चुनौतियाँ : अमेरिकी रोजगार संरक्षण बनाम वैश्विक प्रतिभा की
उपलब्धता।

www.becomeias.com YouTube: becomIAS | Instagram: howtobecomeias

आगे का रास्ता : स्थानीय भर्ती , भारत से
डिजिटल सेवाओं का निर्यात , कौशल विकास
और बाजार विविधीकरण।

Model Answer

अमेरिका द्वारा TCS, Infosys सहित आठ प्रमुख टेक
कंपनियों को Permanent Labour Certification (PERM)
कार्यक्रम से निलंबित करना कुशल श्रमिकों
के प्रवासन और वैश्विक IT सेवाओं के लिए
महत्त्वपूर्ण घटनाक्रम है। अमेरिकी
प्रशासन ने यह कदम अमेरिकी श्रमिकों के
रोजगार संरक्षण और कथित अनियमितताओं की
जाँच के उद्देश्य से उठाया है।

प्रभाव : पहला, प्रभावित कंपनियों के
कर्मचारियों के लिए नियोक्ता -प्रायोजित
ग्रीन कार्ड की प्रक्रिया बाधित हो सकती
है। दूसरा , दीर्घकालिक निवास की प्रतीक्षा
कर रहे भारतीय पेशेवरों में अनिश्चितता बढ़
सकती है। तीसरा , भारतीय IT कंपनियों को भर्ती ,
कर्मचारियों की तैनाती और परिचालन लागत
संबंधी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता
है। इससे भारत के सेवा निर्यात और रोजगार पर
भी संभावित प्रभाव पड़ सकता है।

हालाँकि , यह कार्रवाई अपने आप मौजूदा H-1B
वीजा रद्द नहीं करती और न ही सभी भारतीय
पेशेवरों पर लागू होती है।

आगे का रास्ता : भारतीय कंपनियों को स्थानीय
भर्ती , भारत से डिजिटल सेवाओं का निर्यात ,
कौशल उन्नयन और नए बाजारों में विस्तार
करना चाहिए। इससे भारत की IT
प्रतिस्पर्धात्मकता और रणनीतिक आर्थिक
हित सुरक्षित रह सकते हैं।

www.becomeias.com YouTube: becomIAS | Instagram: howtobecomeias